हरिभूमि

# सरगुजा-कोरिया भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 7 जनवरी 2026

अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज

तापमान

अधिकतम 34 डिग्री

न्यूनतम 21 डिग्री

2 सोनहत में पारा 3 पर जमीं बर्फ की परत



**खबर संक्षेप**

### तीन तलाक के मामले में पुलिस ने किया अपराध दर्ज

**अम्बिकापुर।** शहर में तीन तलाक बोलने का मामला सामने आया है। मोमिनपुरा में एक युवक ने पहले पत्नी को तीन बार तलाक-तलाक बोला फिर मारपीट कर पत्नी को घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि पति का किसी दूसरे महिला से संबंध है। मामले में पुलिस ने युवक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के मुताबिक शहर के मोमिनपुरा निवासी शेख आमिन हुसैन जो राष्ट्रीय मानवाधिकार परिषद संगठन का अध्यक्ष है। इसकी पत्नी ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि पति का दूसरी महिला से अवैध संबंध है। इसका विरोध करने पर पति द्वारा अक्सर मारपीट व गाली गलौज की जाती है। इसी बात को लेकर 16 दिसंबर को पति-पत्नी के बीच विवाद हो गया। विवाद के दौरान ही पति शेख आमिन ने पहले तीन बार तलाक बोला फिर मारपीट करते हुए घर से निकाल दिया। पीड़िता का आरोप है कि उसने समझौते की कोशिश की लेकिन पति ने यह कहते हुए रखने से इंकार कर दिया कि व उसे तीन तलाक दे दिया है। समझौता न होने पर पीड़िता 5 जनवरी को कोतवाली रिपोर्ट दर्ज कराई। रिपोर्ट पर पुलिस ने आरोपी पति के खिलाफ धारा 296, 351 (3) और मुस्लिम विवाह पर अधिकारों की सुरक्षा अधिनियम 2019 की धारा 4 के तहत अपराध दर्ज किया है।

### आग से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत

**अम्बिकापुर।** भोजन बनाते समय आग की चपेट में आने से गंभीर रूप से झुलसी वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार दरिमा थाना अंतर्गत ग्राम पाकजाम हरिहरपारा निवासी शांति उरांव पति ठेमा उरांव (68 वर्ष) 31 दिसंबर को घर में भोजन बना रही थी। इसी दौरान कपड़े में आग पकड़ लेने से शोर मचाने लगी। घर में चीखने चिल्लाने की आवाज सून बहू बीना लकड़ा कमरे गई तो सास अचेत हालत पड़ी हुई थी। परिजन वृद्धा को तत्काल मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया जहां बीती रात उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### गिरने से गंभीर युवक की अस्पताल लाते समय हुई मौत

**अम्बिकापुर।** कमलेश्वरपुर निवासी संजय कुमार यादव आ. स्व. राजकुमार यादव (31 वर्ष) सोमवार की शाम बाथरूम जा रहा था तभी चक्कर आने से गिर गया। परिजन युवक को शहर के निजी अस्पताल लेकर पहुंचे जहां चिकित्सकों ने जांच उपरांत युवक को मृत घोषित कर दिया। परिजन ने पुलिस को बताया कि युवक कीडनी बीमार से पीड़ित था जिसका उपचार शहर के निजी अस्पताल में चल रहा था। संजय की तबीयत अचानक खराब होने से वह गिर गया था। मामले में पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

# शीतलहर के कारण कक्षा 5वीं तक की शालाओं में अवकाश घोषित, शेष का बदला समय

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

सरगुजा में पड़ रही कडाके की ठंड व शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए कलेक्टर सरगुजा के साथ ही बलरामपुर, सूरजपुर जिले में प्राथमिक शालाओं की छुट्टी का आदेश जारी किया गया है। इसके साथ ही शेष विद्यालयों के कक्षा संचालन के समय में परिवर्तन किया गया है।

परिवर्तन के बाद दो पालियों में संचालित होने वाले स्कूल सुबह 9.30 व 12.30 व एक पाली में संचालित वाले स्कूल 10 से शाम 4 बजे तक संचालित होंगे। कलेक्टर के इस आदेश के बाद बच्चों के साथ ही अभिभावकों ने राहत की सांस ली है। बता दें कि इन दिनों शीतलहर का प्रकोप हावी है इस बीच कडाके की ठंड में बच्चों को सुबह 7-7.30 बजे तक घर से निकलना पड़ता है जिससे उनके स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ रहा था। ऐसे में कलेक्टर सरगुजा अजीत वंसत ने प्राइमरी स्कूलों को बंद करने का आदेश दिया है। डीईओ सरगुजा द्वारा जारी आदेश के तहत कक्षा 1 से 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए जिले के समस्त विद्यालय 10 जनवरी तक बंद रहेंगे। हालांकि इस अवधि में समस्त शैक्षणिक एवं अन्य स्टॉफ निर्धारित समयावधि में विद्यालय में उपस्थित रहेंगे। वहीं कलेक्टर ने सभी शालाओं के संचालन में संशोधन किया है। जारी आदेश के तहत 10 जनवरी दो पालियों में संचालित होने वाले विद्यालय प्रथम पाली सोमवार से शुक्रवार प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक शनिवार दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक, द्वितीय पाली सोमवार से शुक्रवार दोपहर 12.30 बजे से शाम 4 बजे तक शनिवार प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक इसी प्रकार एक पाली में संचालित विद्यालयों का संचालन सोमवार से शुक्रवार प्रातः 10 बजे से शाम 4 बजे तक व शनिवार प्रातः 9.30 बजे से दोपहर 12.30 बजे तक किया जाएगा।

**कलेक्टर सरगुजा ने जारी किया आदेश, अन्य जिलों में भी किया गया परिवर्तन**

#### सूरजपुर-बलरामपुर में भी बदला समय

कड़ाके की ठंड को देखते हुए बलरामपुर जिले में भी शाला संचालन का समय बदला गया है। डीईओ कार्यालय से जारी आदेशानुसार 7 एवं 8 जनवरी को स्कूलों के समय में बदलाव किया गया है। इस दौरान कक्षा 1 से 5वीं तक के छात्र-छात्राओं को अवकाश प्रदान किया गया है जबकि कक्षा 6वीं से 12वीं तक की कक्षाएं अपने पूर्व निर्धारित समय अनुसार संचालित होंगी। एक पाली में संचालित होने वाली शालाएं प्रातः 10.30 बजे से 3.30 बजे तक संचालित होंगी। यह आदेश 08 जनवरी 2026 तक लागू रहेगा। वहीं सूरजपुर जिले में कलेक्टर द्वारा 10 जनवरी तक जिले के समस्त विद्यालयों के कक्षा 5वी तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है।

#### पूर्व डिप्टी सीएम ने की कलेक्टर से बात

ठंड को लेकर सोमवार की रात अंबिकापुर पहुंचने के बाद पूर्व डिप्टी सीएम टीएस सिंहदेव ने भी सरगुजा कलेक्टर से फोन पर चर्चा कर स्कूलों में अवकाश घोषित करने का निवेदन किया था। इसपर सरगुजा कलेक्टर ने सकारात्मक प्रतिक्रिया देते हुए कदम उठाने का आश्वासन दिया था। एनएसयूआई जिलाध्यक्ष के नेतृत्व में भी छात्र संगठन ने कलेक्टर से मिलकर छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए शाला संचालन के समय में परिवर्तन की मांग की थी।

### दिन के तापमान में 2 डिग्री की वृद्धि

# पारा में 1 डिग्री की गिरावट, 2-3 दिनों तक जारी रहेगी शीतलहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

**खास बात**

- विक्षोभ के प्रभाव से होगा तापमान में उतार-चढ़ाव

सरगुजा में शीतलहर का प्रभाव मंगलवार को भी जारी रहा है। पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाओं के प्रभाव से पारा में गिरावट होने का क्रम मंगलवार को भी जारी रहा। पारा में गिरावट होने के कारण मैदानी एवं पठारी इलाकों में सुबह पाला की मोटी परत जम गई थी।

शीतलहर के प्रभाव से शहर सहित पूरे सरगुजा संभाग में कड़ाके की ठंड पड़ रही है। सोमवार को पूरे दिन पश्चिमोत्तर की बर्फीली हवाएं चली जिसके प्रभाव से मंगलवार को पारा में 1 डिग्री की गिरावट दर्ज की गई है। मौसम कार्यालय द्वारा सोमवार को न्यूनतम पारा 4.8 डिग्री वहीं अधिकतम पारा 19.1 डिग्री रिकॉर्ड किया गया था। पारा में हुई तेज गिरावट के कारण पिछले दो दिनों से सरगुजा छत्तीसगढ़ का सबसे ठंडा इलाका बना हुआ है। मौसम विज्ञानी पारा में अभी और अधिक गिरावट होने तथा आगामी दो-तीन दिनों तक शीतलहर से राहत नहीं मिलने की संभावना जता रहे हैं। शीतलहर से मैदानी इलाकों का पारा 3 डिग्री वहीं पठारी इलाकों का पारा 1 डिग्री बना हुआ है। पारा में गिरावट होने के कारण मंगलवार को मैदानी व पठारी दोनों ही क्षेत्रों में पाला की मोटी परत जम गई थी। सोमवार को पूरी रात कोहरा प्रभावी रहा लेकिन सुबह कोहरा का प्रभाव कम रहा। मौसम विज्ञानी आने वाले दिनों में कोहरे का घनत्व बढ़ने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। वर्तमान में उत्तर भारत में एक विक्षोभ सक्रिय है वहीं दूसरा विक्षोभ उत्तर भारत की ओर अग्रसर है। ऐसे में आगे भी मौसम में उतार-चढ़ाव का क्रम जारी रहने की संभावना जताई जा रही है। मंगलवार को कोहरा छंटने के बाद मौसम साफ हो गया है। पूरे दिन धूप निकलने के कारण दिन के तापमान में वृद्धि दर्ज की गई है।

मौसम कार्यालय द्वारा अधिकतम तापमान 21.0 डिग्री रिकॉर्ड किया गया है।



धौरपुर में पाला की परत।

# संयुक्त टीम ने 25 किमी पीछा कर पकड़ा 750 बोरी अवैध धान लोड ट्रक

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने यूपी से अवैध धान परिवहन कर रहे एक ट्रक को 25 किमी तक पीछा कर पकड़ने में सफलता हासिल की है। ट्रक में 750 बोरी धान मिला है जिसे जब्त कर वाड्रफनगर पुलिस के सुपुर्द किया गया है। तस्करों द्वारा सहकारी समितियों में खपाने के उद्देश्य से यूपी, एमपी एवं झारखण्ड से परिवहन किए जा रहे अवैध धान के विरूद्ध लगातार कार्रवाई करने के बावजूद तस्करों के हौसले कम नहीं हो रहे हैं तथा तस्कर देर रात अवैध धान का परिवहन कर रहे हैं।

बीती रात गिरवानी मार्ग से यूपी की तरफ से ट्रक आने पर बैरियर पर तैनात कर्मचारियों ने जांच के लिए ट्रक को रोकने का प्रयास किया लेकिन चालक तेज रफ्तार से ट्रक लेकर फरार हो गया। ट्रक द्वारा अवैध धान परिवहन करने की संभावना पर कर्मचारियों ने वरिष्ठ अधिकारियों को इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही एसडीएम नीरनिधि नंदेहा के निर्देशन में वाड्रफनगर एवं रघुनाथनगर तहसीलदार नायब तहसीलदार एवं पुलिस की संयुक्त टीम ट्रक की तलाश में निकली। संयुक्त टीम ने संभावित मार्गों में 25 किमी दूर तक ट्रक का पीछा किया तथा अंततः पेंडारी के निकट धान लोड ट्रक को पकड़ा। ट्रक चालक बिना किसी वैध दस्तावेज के धान का परिवहन कर रहा था। टीम ने अवैध धान लोड ट्रक को जब्त कर वाड्रफनगर पुलिस के सुपुर्द किया है। एसडीएम श्री नंदेहा ने बताया कि अवैध धान के विरूद्ध संयुक्त दल की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।



# प्रसव के बाद अत्यधिक रक्तस्त्राव से महिला की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर



- सूरजपुर से किया गया था रिफर, नवजात एसएनसीयू में

प्रसव के महिलाओं की मौत का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। एक बार फिर बच्चे को जन्म देने के बाद प्रसूता की अत्यधिक रक्तस्त्राव से मौत हो गई। इस मामले में पुलिस ने मर्ग कायम कर लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है। वहीं लगातार ही रही प्रसूताओं की मौत से ग्रामीण क्षेत्र में स्वास्थ्य सुविधाओं को लेकर चलाए जा रहे अभियान पर भी सवाल खड़े कर दिए है।

बताया जा रहा है कि सूरजपुर जिले के कोट पटना निवासी 22 वर्षीया जगमनिया पति देशवंत सिंह को प्रसव पीड़ा होने पर 5 जनवरी को सूरजपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। प्रसव पीड़ा के बाद महिला ने जिला अस्पताल में नॉर्मल डिलीवरी से एक बच्चे को जन्म दिया। बच्चे क जन्म देने के बाद महिला को अत्यधिक रक्तस्त्राव की समस्या शुरू हो गई और उसका बीपी हाई को गया। अत्यधिक रक्तस्त्राव और बीपी बढ़ने से महिला की हालत गंभीर होने पर जिला अस्पताल से उसे मेडिकल कॉलेज अस्पताल रिफर किया गया था। परिजन प्रसूता को लेकर 6 जनवरी की सुबह 7.35 बजे मेडिकल कॉलेज अस्पताल के एमसीएच पहुंचे जहां जांच के बाद चिकित्सक ने महिला को मृत घोषित कर दिया जबकि उसके बच्चे को फिलहाल एसएनसीयू में रखा गया है। परिजन के अनुसार यह महिला का दूसरा बच्चा था। इसके पूर्व भी महिला की नॉर्मल डिलीवरी हुई थी जिसमें उसने एक बच्ची को जन्म दिया था लेकिन इस बार सामान्य प्रसव के बाद महिला की तबीयत बिगड़ गई और उसकी मौत हो गई।

# शराब के नशे में पत्नी की पिटाई कर उतारा मौत के घाट

- जांच में जुटी पुलिस, उदयपुर क्षेत्र की घटना

**अंबिकापुर।** जिले के उदयपुर क्षेत्र में शराब के नशे में धुत ग्रामीण ने पत्नी की बेदम पिटाई कर उसकी हत्या कर ली। आरोपी ने महिला के मुंह को दबाकर व लाठी डंडे से पीटकर मारा। इस घटना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द कर दिया है इसके साथ ही घटना की जांच चल रही है। बताया जा रहा है कि उदयपुर थाना अंतर्गत ग्राम पुटा जूनापारा निवासी इंजोर मझवार पत्नी 40 वर्षीया नईहारो मझवार अपनी एक पुत्री व एक पुत्र के साथ रहता है जबकि उसकी बड़ी बेटी की शादी हो चुकी है। इंजोर आए दिन अपनी पत्नी नईहारो मझवार से पारिवारिक मामलों को लेकर विवाद करता था। सोमवार की रात 12 बजे भी आरोपी ने शराब के नशे में पत्नी के साथ विवाद किया। इस दौरान आक्रोशित युवक ने पत्नी की लाठी डंडे से बेदम पिटाई की और फिर सुका मुंह दबा दिया जिससे उसकी मौत हो गई। घटना के दौरान छोटी पुत्री पूनम छेरता मनाने ग्राम जीवलिया गई हुई थी जबकि पुत्र अनिल पड़ोस में अपने रिश्तेदार के घर सोने गया हुआ था। घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने लाश को पीएम उपरान्त परिजन के सुपुर्द किया इसके साथ ही इस मामले में आरोपी को हिरासत में लिया और उससे पूछताछ की जा रही है। थाना प्रभारी शिशिर कान्त सिंह ने बताया कि पत्नी की हत्या के मामले में आरोपी पति को गिरफ्तार किया गया है और मामले की जांच चल रही है।

# शॉर्ट सर्किट से मोबाइल दुकान व गोदाम में लगी आग

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

- घंटों की मशक्कत के बाद पाया काबू

बीती रात शहर के अग्रसेन चौक पैलेस रोड के समीप एक मोबाईल दुकान व घर में आग लगने से हड़कंप मच गया। देर रातहुई इस आगजनी के घटना की सूचना मिलने के बाद मौके पर पहुंची दमकल की टीम लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। इस आगजनी में लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।

बताया जा रहा है कि नवापारा निवासी मनीष अग्रवाल की पैलेस रोड में प्रिया मोबाइल एवं इलेक्ट्रोनिक की दुकान संचालित है। व्यवसायी अपनी दुकान बंद कर घर चला गया था। इस दौरान अचानक ही उसके दुकान की दूसरी मंजिल पर मौजूद गोदाम में आग लगी गई। गोदाम में लगी आग फैलकर जैसे ही बाहर निकली और बैनर पोस्टर तक पहुंची उसके बाद लोगों को घटना की जानकारी हुई। आग लगने की घटना से क्षेत्र में हड़कंप मच गया। देखते ही देखते आग ने गोदाम व दुकान के साथ ही बगल में मौजूद विष्णु अग्रवाल के मकान के कुछ कमरों को अपनी चपेट में ले लिया। घटना की सूचना मिलने पर पुलिस व दमकल की टीम मौके पर पहुंची। दमकल विभाग ने 4 वाहनों की मदद से आग बुझाने का काम शुरू किया। इस दौरान गोदाम व दुकान का दरवाजा तोड़कर दमकल कर्मियों को अंदर जाना पड़ा। लगभग ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद टीम ने आग पर काबू पाया। वहीं आग से बगल में मौजूद घर में भी नुकसान हुआ है, आग लगने के कारण घर में मौजूद लोग दहशत में आ गए और उनके किसी तरह सुरक्षित बाहर निकाला गया। आग लगने के कारणों का फिलहाल पता नहीं चल सका है लेकिन सॉर्ट सर्किट से आग लगने की बात कही जा रही है। फिलहाल पुलिस इस मामले की जांच कर रही है। आगजनी में लाखों के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है।



आग बुझाते दमकलकर्मी।



## खबर संक्षेप



### श्री हनुमान मंदिर में प्रसाद वितरण

**पटना।** कटकोना के तेंदूपारा स्थित श्री हनुमान मंदिर में आस्था और श्रद्धा के साथ पूजा-अर्चना एवं प्रसाद वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर रमाकांत देवांगन एवं संजय खैरवार ने विधिवत पूजा-अर्चना कर भगवान श्री हनुमान जी का आशीर्वाद प्राप्त किया। पूजा के पश्चात मंदिर परिसर में उपस्थित श्रद्धालुओं के बीच प्रसाद का वितरण किया गया। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र में धार्मिक वातावरण बना रहा। काफी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे और प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। इस अवसर पर पटना के प्रमोद सोनी, सतीश महराज सहित अन्य गणमान्य नागरिक एवं भक्तजन उपस्थित रहे।

### युवाओं को मिलेगा रोजगार

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के आदिम जाति विकास, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मत्स्य पालन तथा पशुधन विकास विभाग के मंत्री एवं जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा स्वास्थ्य मंत्री श्याम जायसवाल ने एक दिवसीय प्रवास के दौरान खड़गवां जनपद ग्राउंड से राज्य की पहली जोश पहल का शुभारंभ किया। इस अवसर पर संस्थागत शौचालयों की नियमित व वैज्ञानिक सफाई के उद्देश्य से जोश को हरीझंडी दिखाकर कार्यक्रम की औपचारिक शुरूआत की गई। यह अनूठी पहल स्वच्छता, स्वास्थ्य और रोजगार-तीनों को एक साथ जोड़ती है। इसके अंतर्गत स्कूल, स्वास्थ्य केन्द्र, छात्रावास, आंगनबाड़ी तथा अन्य संस्थागत/सामुदायिक शौचालयों की नियमित सफाई के लिए युवाओं को स्वच्छता प्रहरी के रूप में नियुक्त किया जाएगा।

### जनजातीय अंचल की खेल प्रतिभा को मिलेगा नया मंच

**मनेन्द्रगढ़।** छग शासन के खेल एवं युवा कल्याण विभाग रायपुर के निर्देशानुसार विकासखंड स्तरीय सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का भव्य आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा संभाग अनुसूचित जनजाति बाहुल्य क्षेत्र होने के कारण यहां युवाओं में खेलों के प्रति अपार नैसर्गिक प्रतिभा विद्यमान है। इसी प्रतिभा को पहचानने, निखारने और राष्टीय स्तर तक पहुंचाने के उद्देश्य से सरगुजा ओलंपिक का आयोजन किया जा रहा है। सरगुजा ओलंपिक 2025-26 का मुख्य उद्देश्य शासन और जनता के मध्य मजबूत एवं प्रत्यक्ष संबंध स्थापित करना, युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना तथा उनकी खेल एवं रचनात्मक प्रतिभा को पहचानकर उन्हें सशक्त खिलाड़ी के रूप में विकसित करना है।

## ठंडी हवाओं से बढ़ी ठिठुरन, दिन में जले अलाव


# सोनहत में पारा 3 पर, जमीं बर्फ की परत



जमीं बर्फ की परत।

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर/सोनहत

कोरिया जिले में बीते कुछ दिनों से कड़ाके की ठंड पड़ रही है। ठंड की वजह से लोगों की दिनचर्या प्रभावित हो रही है। सुबह होने के कुछ घंटे तक लोगों को कंपकपी भरी ठंड का सामना करना पड़ रहा है।





वहीं सुबह के समय कोहरे छाए रहने के कारण धूप भी सुबह की ठीक से नहीं मिल पाती है, जैसे-जैसे कोहरा छंटने लगता है, इसके बाद हल्की धूप निकलना शुरू हाता है तब धूप में कुछ देर रहने के बाद ठंड से कुछ राहत मिलती है, वहीं शाम ढलने के पूर्व से ही कंपकपी भरी ठंड का असर शुरू हो जाता है और शाम ढलने के बाद तेज ठंड के असर का सामना करना पड़ता है। यही कारण है कि शाम ढलने के कुछ घंटे बाद से ही शहर के सड़कों पर लोगों की आवाजाही कम हो जाती है। कोरिया जिले में जनवरी माह के पहले सप्ताह में जमकर ठंड पड़ रही है, ऐसा हाल ठंड का तेज असर नवंबर माह के शुरूआत में हुई थी। उल्लेखनीय है कि एक सप्ताह में मकर सक्रांति का पर्व 14 जनवरी को मनाया जाएगा, इस दिन से सूर्य उत्तरायण होते हैं और इसके बाद से धीरे-धीरे सूर्य की किरण ज्यादा देर तक रहने में चुभने लगती हैं, लेकिन इस दौरान तेज हवाओं के चलने से ठंड कंपकंपाती है।

### स्कूलों में छुट्टी घोषित

जिले में लगातार बढ़ती ठंड और शीतलहर को देखते हुए जिला प्रशासन ने छात्रों के स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए बड़ा निर्णय लिया है। कलेक्टर के अनुमोदन से जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश जारी कर 10 जनवरी तक जिले के सभी विद्यालयों में कक्षा 5वीं तक के विद्यार्थियों के लिए अवकाश घोषित किया गया है। जारी आदेश के अनुसार यह अवकाश जिले के समस्त शासकीय, अशासकीय, अनुदान प्राप्त, मान्यता प्राप्त एवं सभी बोर्डों से संबद्ध विद्यालयों में लागू रहेगा। हालांकि, विद्यालयों के शिक्षक एवं अन्य कर्मचारी पूर्व निर्धारित समयानुसार विद्यालय में उपस्थित रहेंगे।

### सोनहत में जमने लगी बर्फ

कोरिया जिले का जनपद पंचायत सोनहत क्षेत्र इन दिनों शीतलहर की चपेट में है। ठंड का असर सोनहत वनांचल क्षेत्र में इतना है कि खुले आसमान के नीचे रात में थाली में पानी रखने से सुबह बर्फ बन जाती है। सोनहत में बीते साल के अंतिम दिन 31 दिसंबर को भी घर के बाहर थाली में रखा पानी सुबह बर्फ बन गया था, वहीं 6 जनवरी को सुबह भी इसी तरह का नजारा देखने को मिला। यहां पारा 3 डिग्री पर पहुंचा हुआ है। उल्लेखनीय है कि कोरिया जिले का सोनहत क्षेत्र पठारी क्षेत्र होने के साथ ही सघन वनों से आच्छादित क्षेत्र हैं। इसी क्षेत्र में गुरूघासीदास तमोर पिंगला टाईगर रिजर्व क्षेत्र स्थित हैं। क्षेत्रों में वनों की सघनता अधिक है, दूसरी ओर यह पठारी क्षेत्र हैं, इसके चलते सोनहत जनपद क्षेत्र में इन दिनों जमकर सर्दी पड़ रही है ।

## गर्भवती महिलाओं को नहीं मिल रही सोनोग्राफी की सुविधा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सोनहत

जिले के विकासखंड मुख्यालय स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सोनहत में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी (सीएमएचओ) कोरिया के आदेश के बाद भी सोनोग्राफी चिकित्सक की नियमित उपस्थिति नहीं हो रही है,इसके चलते अस्पताल में सोनोग्राफी सेवा बाधित है और गर्भवती महिलाओं को इस अत्यंत आवश्यक जांच सुविधा का लाभ नहीं मिल पा रहा है।



■ सोनोग्राफी के लिए नहीं आते हैं चिकित्सक

गौरतलब है कि लगभग 6 माह पूर्व सीएमएचओ कोरिया द्वारा आदेश जारी कर सोनहत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र में प्रत्येक माह की 10 एवं 25 तारीख को सोनोग्राफी सेवा उपलब्ध कराने के निर्देश दिए गए थे। इसके तहत एक सोनोग्राफी चिकित्सक को निर्धारित तिथियों में सेवा देने की व्यवस्था की गई थी, लेकिन वर्तमान में यह व्यवस्था पूरी तरह से ठप पड़ी हुई है। सोनोग्राफी सेवा बंद रहने से वनांचल एवं दूर-दराज के गांवों से आने वाली गरीब गर्भवती महिलाओं को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। मजबूरी में उन्हें निजी अस्पतालों का सहारा लेना पड़ रहा है, जहां अधिक शुल्क चुकाना पड़ता है या फिर जिला मुख्यालय तक लंबी दूरी तय करनी पड़ती है। स्थानीय लोगों व मरीजों ने स्वास्थ्य विभाग से मांग की है कि सोनोग्राफी चिकित्सक की नियमित उपस्थिति सुनिश्चित की जाए, ताकि गर्भवती महिलाओं को समय पर जांच सुविधा मिल सके और किसी भी प्रकार की गंभीर समस्या से बचा जा सके।

## मनरेगा से बेहतर, अधिक प्रभावी जी-राम-जी अधिनियम

हरिभूमि न्यूज ⏭ मनेन्द्रगढ़



जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम ने सोमवार को स्थानिक विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण विकास के क्षेत्र में एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम 2025 लाया गया है, जो देश के गांवों को विकसित बनाने और ग्रामीण अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ करने की दिशा में मील का पत्थर साबित होगा।

■ ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी

मनेन्द्रगढ़ के लोक निर्माण विभाग के विश्रामगृह में आयोजित पत्रकार वार्ता के दौरान जिले के प्रभारी मंत्री राम विचार नेताम, स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल,भारतीय जनता पार्टी जिला अध्यक्ष श्रीमती चंपादेवी पावले, पूर्व जिलाध्यक्ष अनिल केसरवानी, भाजपा जिला मीडिया प्रभारी रामचरित द्विवेदी के साथ जिले के वरिष्ठ भाजपा पदाधिकारी मौजूद रहे। पत्रकारों को संबोधित करते हुए प्रभारी श्री नेताम ने कहा कि यह अधिनियम किसानों, मजदूरों और गरीबों को सर्वोच्च प्राथमिकता देने की प्रधानमंत्री की प्रतिबद्धता का प्रमाण है। उन्होंने याद दिलाते हुए कहा कि वर्ष 2014 में प्रधानमंत्री बनने के बाद श्री मोदी ने संसद में अपने पहले भाषण में ही स्पष्ट किया था कि उनकी सरकार गरीबों के नाम समर्पित रहेगी और उसी भावना के अनुरूप घर-घर बिजली, शौचालय, आवास और जनधन खाते जैसी ऐतिहासिक योजनाएं लागू की गईं। उन्होंने कहा कि विकसित भारत जी-राम-जी अधिनियम मनरेगा योजना का उन्नत और अधिक प्रभावी रूप है और कई मायनों में इससे बेहतर है। मनरेगा में जहां 100 दिनों का रोजगार मिलता था, वहीं अब इस अधिनियम के तहत ग्रामीण परिवारों को 125 दिनों के सुनिश्चित रोजगार की कानूनी गारंटी मिलेगी, इससे मजदूरों की आमदनी में स्वाभाविक रूप से बढ़ोतरी होगी। कृषि विकास मंत्री राम विचार नेताम ने स्पष्ट किया कि मजदूरी भुगतान अब सात दिनों के भीतर किया जाएगा। यदि निर्धारित समय सीमा में भुगतान नहीं होता है तो विलंबित भुगतान पर अतिरिक्त राशि मजदूर को दी जाएगी, जिसे मजदूरी पर ब्याज की तरह माना जा सकता है। प्रेसवार्ता के दौरान भाजपा जिला महामंत्री आशीष मजूमदार,जिला उपाध्यक्ष आशीष सिंह, राहुल सिंह, मंडल अध्यक्ष रोहित वर्मा, महेन्द्र प्रताप सिंह, विनीत जायसवाल, डॉ.रश्मि सोनकर, रोशनी मिश्रा समेत पार्टी के कार्यकर्ता काफी संख्या में मौजूद रहे।

## प्रभारी मंत्री रामविचार ने ली विभागीय समीक्षा बैठक

**मनेन्द्रगढ़।** कृषि एवं आदिम जाति विकास मंत्री तथा एमसीबी जिले के प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम ने एक दिवसीय जिला प्रवास के दौरान एमसीबी जिले के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में शासन की प्राथमिकता वाली योजनाओं एवं जिले के सभी प्रमुख विभागों के कार्यों की गहन एवं सख्त समीक्षा की।

उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। बैठक का मुख्य उद्देश्य योजनाओं का प्रभावी क्रियान्वयन, समयबद्ध पूर्णता और आमजन तक वास्तविक लाभ सुनिश्चित करना रहा। प्रभारी मंत्री ने स्पष्ट शब्दों में कहा कि पुराने बजट में स्वीकृत सभी लंबित कार्यों को प्राथमिकता के आधार पर समय-सीमा में पूर्ण किया जाए, किसी भी प्रकार की ढिलाई या लापरवाही स्वीकार नहीं की जाएगी। उन्होंने आजीविका मिशन, मखाना उत्पादन, मत्स्य पालन और कृषि से जुड़े विषयों पर जिले की परिस्थितियों के अनुरूप ठोस और व्यावहारिक रणनीति तैयार करने के निर्देश दिए। प्राकृतिक खेती की संभावनाओं को रेखांकित करते हुए इसे व्यापक रूप से बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। कृषि विभाग की समीक्षा के दौरान मंत्री श्री नेताम ने कहा कि एमसीबी जिले की जलवायु नकदी फसलों के लिए अत्यंत अनुकूल है।

उन्होंने किसानों को पारंपरिक खेती के साथ-साथ उद्यानिकी, दलहन-तिलहन, सब्जी एवं अन्य नकदी फसलों की ओर प्रोत्साहित करने के निर्देश दिए। मखाना की खेती को जिले के लिए संभावनाशील बताते हुए इसे पायलट प्रोजेक्ट के रूप में प्रारंभ करने तथा कृषि विभाग एवं कृषि विज्ञान केन्द्र को संयुक्त रूप से तिल एवं अरहर की खेती को बढ़ावा देने के लिए वैज्ञानिक कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए। पशुधन विकास एवं मत्स्य पालन विभाग की समीक्षा में उन्होंने कुक्कुट पालन, बकरी पालन, सूकर पालन और मत्स्य पालन को ग्रामीण आय बढ़ाने का प्रभावी माध्यम बताया और अधिक से अधिक किसानों को प्रशिक्षण एवं वित्तीय सहायता से जोड़ने पर बल दिया।

### योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा को मिली नई पहचान

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले केनागरिकों को योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा के माध्यम से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल हुई है। मनेन्द्रगढ़ में 10 शैय्या युक्त योग एवं प्राकृतिक चिकित्सा केन्द्र की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस केन्द्र के प्रावधिक संचालन के लिए 5 जनवरी को कलेक्टर सभा कक्ष में आयोजित समीक्षा बैठक के दौरान आयुष विभाग एवं एसईसीएल के मध्य समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम, मंत्री आदिम जाति कल्याण, कृषि विकास एवं किसान कल्याण, जैव प्रौद्योगिकी, मछली पालन एवं पशुधन विकास विभाग तथा श्याम बिहारी जायसवाल मंत्री लोक स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, चिकित्सा शिक्षा, पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक विकास तथा 20 सूत्रीय कार्यक्रम क्रियान्वयन की गरिमामय उपस्थिति में संपन्न हुआ। इस अवसर पर जिला आयुष अधिकारी एमसीबी एवं सीएमओ सेंट्रल हॉस्पिटल आमाखेरवा मनेन्द्रगढ़ द्वारा एमओयू पर विधिवत हस्ताक्षर किए गए।

## जनप्रतिनिधि जी राम जी योजना के निर्माण में सहभागी बनें: मोहित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



सोमवार को जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक आयोजित की गई।

जिला पंचायत की सामान्य सभा की बैठक सोमवार को जिला पंचायत के मंथन कक्ष में संपन्न हुई। बैठक में जनप्रतिनिधियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण एवं पर्यवेक्षण के दौरान दर्ज विषयों पर विस्तार से चर्चा की गई।

जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉ. आशुतोष चतुर्वेदी ने संबंधित विभागीय अधिकारियों को विषयों के निराकरण के लिए आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े समस्त जिला पंचायत सदस्य व विभागीय अधिकारी एवं अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक के प्रारंभ में पिछली सामान्य सभा में उठाए गए विषयों पर संबंधित विभाग प्रमुखों द्वारा की गई कार्रवाई की जानकारी सदन को दी गई। सदन में सदस्य श्रीमती सौभाग्यवती सिंह ने प्राथमिक एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्रों में ग्रामीण गर्भवती महिलाओं को स्वल्पाहार उपलब्ध कराने की मांग रखी, जिस पर जिला पंचायत सीईओ ने स्वास्थ्य विभाग को आवश्यक कार्रवाई सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। साथ ही यह भी निर्देशित किया गया कि ग्रामीण क्षेत्रों में संचालित योजनाओं की पूर्व सूचना जिला पंचायत सदस्यों को दी जाए, जिससे जनप्रतिनिधि कार्यों की गुणवत्ता पर निगरानी रख सकें। संचार संकर्म समिति के सभापति सुरेश सिंह ने वनांचल क्षेत्रों में संलग्नीकरण व्यवस्था समाप्त कर सभी विद्यालयों में शिक्षकों की नियमित पदस्थापना का विषय उठाया तथा आगामी सामान्य सभा में वन विभाग के प्रमुख को आमंत्रित करने की मांग की। इस पर जिला पंचायत सीईओ ने उप संचालक को संबंधित विभाग को पत्र प्रेषित करने के निर्देश दिए। वन विभाग द्वारा श्रमिकों के लंबित भुगतान संबंधी विषय पर जानकारी दी गई कि समस्त भुगतानों का निराकरण कर दिया गया है। सदन में प्रत्येक विद्यालय में संचालित मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता के नियमित परीक्षण की मांग की गई, जिस पर शिक्षा अधिकारी को सतत निरीक्षण कर प्रतिवेदन प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए।

## धूप में बैठकर कलेक्टर ने सुनीं आमजन की समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर



कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी ने वर्ष 2026 के पहले साप्ताहिक जनदर्शन कार्यक्रम में भी आम नागरिकों की सुविधा को प्राथमिकता देते हुए कलेक्ट्रेट परिसर में खुले आसमान के नीचे, मीठी धूप में जनदर्शन आयोजित किया। कलेक्टर ने न केवल फरियादियों की समस्याएं सुनीं, बल्कि उनके त्वरित एवं नियमसम्मत निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2025 के अंतिम जनदर्शन की तरह इस वर्ष का पहला जनदर्शन भी खुले वातावरण में आयोजित किया गया, जिसे आम नागरिकों ने सराहा। जनदर्शन कार्यक्रम में बैकुंठपुर, पटना, सोनहत एवं पोड़ी-बचरा क्षेत्र से आए फरियादियों ने अपनी विभिन्न समस्याओं से संबंधित आवेदन प्रस्तुत किए। कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने प्रत्येक आवेदन को गंभीरता से पढ़ते हुए त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। कलेक्ट्रेट परिसर स्थित महात्मा गांधी की प्रतिमा के समीप आयोजित इस जनदर्शन में सभी जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।





















## आईसेक्ट कॉलेज में शैक्षणिक सत्र का कैलेंडर विमोचित



विमोचन में उपस्थित अतिथि

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शहर के संजय नगर तलवारपारा स्थित आईसेक्ट कॉलेज बैकुंठपुर में मंगलवार को शैक्षणिक सत्र 2026 के कैलेंडर का विधिवत विमोचन किया गया। कार्यक्रम में चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल एवं अधिवक्ता अजय सिंह, डिप्टी चीफ लीगल एंड डिफेंस काउंसिल केबी नामदेव, आरएसएस के नागेश, श्री गौतम तथा जिला जर्नलिस्ट प्रेस क्लब कोरिया के सचिव योगेश चंद्रा सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इस अवसर पर मुख्य अतिथि अधिवक्ता अजय सिंह ने कहा कि आज के प्रतिस्पर्धात्मक युग में शिक्षा के साथ नैतिक मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक है। आईसेक्ट कॉलेज द्वारा इस प्रकार का शैक्षणिक कैलेंडर जारी करना विद्यार्थियों को अनुशासनबद्ध एवं लक्ष्य के प्रति सजग बनाने की दिशा में सराहनीय पहल है। कैलेंडर में संस्थान की वर्षभर की शैक्षणिक, सांस्कृतिक एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों का सचित्र विवरण शामिल है। संस्थान प्रमुख नरेश सोनी ने कहा कि आईसेक्ट कॉलेज का उद्देश्य केवल डिग्री प्रदान करना नहीं, बल्कि विद्यार्थियों को संस्कारयुक्त, कौशल संपन्न और आत्मनिर्भर बनाना है। शैक्षणिक कैलेंडर विद्यार्थियों के लिए वर्षभर की गतिविधियों का मार्गदर्शक होता है, जिससे वे पढ़ाई के साथ-साथ अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग ले सकें। उन्होंने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। विमोचन कार्यक्रम में कॉलेज के वरिष्ठ प्राध्यापक कमल द्विवेदी, प्रवीण तिवारी, प्रदीप साहू, आशीष नामदेव, मनीषा सोनी, अमीषा सोनी, समीक्षा गुप्ता, रूपाली सोनी, देवलाल यादव, रागिनी सोनी, नारायण मुदुली सहित अन्य स्टाफ व विद्यार्थी काफी संख्या में मौजूद रहे।

### एकलव्य विद्यालय के छात्र ने हिंदी का बढ़ाया मान

**सोनहत।** हिंदी ओलिंपियाड फाउंडेशन द्वारा आयोजित अंतरराष्टीय हिंदी ओलिंपियाड 2025 एवं अमृत कुंभ सम्मान 2025 का उद्देश्य राजभाषा हिंदी केउत्थान के साथ-साथ हिंदी भाषा को अंतरराष्टीय स्तर पर बढ़ावा देना रहा। इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में 30 से अधिक देशों के 8000 से अधिक विद्यालयों के विद्यार्थियों ने सहभागिता की। इस अंतरराष्टीय मंच पर एकलव्य विद्यालय के छात्र ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए हिंदी भाषा की समझ, लेखन और अभिव्यक्ति में अपनी प्रतिभा का परिचय दिया, जिससे विद्यालय ही नहीं बल्कि पूरे क्षेत्र का नाम रोशन हुआ। छात्र की इस उपलब्धि से शिक्षकों, अभिभावकों एवं सहपाठियों में हर्ष का माहौल है।







**खबर संक्षेप**



## सरपंच संघ की बैठक में मूलभूत की राशि बढ़ाने की मांग

**बिहारपुर।** ब्लॉक सरपंच संघ की बैठक सोमवार को ओड़गी जनपद पंचायत के सभाकक्ष में हुई जिसमें क्षेत्र के सभी सरपंचों ने भागीदारी की। बैठक में ग्राम पंचायतों में चल रहे विकास कार्यों सहित विभिन्न समस्याओं पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में उपस्थित सरपंचों ने पिछले 10 महीनों से ग्राम पंचायतों के विकास कार्यों हेतु शासन द्वारा आवंटन जारी नहीं करने पर नाराजगी जताई तथा राशि के अभाव में ग्राम पंचायतों का विकास अवरूद्ध होने की जानकारी दी। बैठक में सर्वसम्मति से सरपंच एवं पंचों के मानदेय में वृद्धि करने, मूलभूत मद की वार्षिक राशि 50 लाख रूपए निर्धारित करने, बंद गोठानी को पुनः प्रारम्भ करने, जीरामजी योजना निर्धारित मापदण्ड के अनुसार सामग्री की राशि का आवंटन तत्काल जारी करने, ग्राम पंचायतों में आयोजित कार्यक्रम के लिए अलग से राशि उपलब्ध कराने सहित अन्य सकंल्प पारित किए गए। सरपंच संघ के ब्लॉक अध्यक्ष गजमोचन सिंह ने बताया कि जिलास्तर पर डीएमएफ फंड में भारी भरकम राशि आती है लेकिन इस राशि के उपयोग की जानकारी संबंधित ग्राम पंचायतों को नहीं मिल पाती न ही फंड की राशि संबंधित ग्राम पंचायतों के विकास पर खर्च होती है। इस संबंध में शीघ्र ही संघ के प्रतिनिधि कलेक्टर से मिलेंगे। बैठक में उपाध्यक्ष बसंत लाल, श्रीमती विनीता नगेसिया, श्रीमती समनिया पैकरा, कपिल देव पैकरा सहित अन्य सरपंच उपस्थित थे।

## शक्ति केंद्र गोपालपुर में संगठनात्मक बैठक



**राजपुर।** भाजपा मंडल राजपुर अंतर्गत शक्ति केंद्र गोपालपुर में संगठनात्मक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में सामरी विधानसभा की विधायक उद्देश्वरी पैकरा विशेष रूप से उपस्थित रहीं। बैठक के दौरान एसआईआर मतदाता सूची शुद्धिकरण अभियान के अंतर्गत महत्वपूर्ण कार्य किया गया। अभियान के तहत बूथ क्रमांक 10 एवं 11 में पात्र नागरिकों के नाम नवीन मतदाता सूची में जोड़ने की प्रक्रिया पूरी की गई। इस दौरान श्रीमती सुशीला यादव, श्रीमती अनिमा यादव, श्रीमती प्रभावती, श्रीमती धनकुमारी एवं जगसाय का नाम मतदाता सूची में शामिल कराने हेतु फॉर्म 6 भरवाया गया। विधायक उद्देश्वरी पैकरा ने कहा कि लोकतंत्र को मजबूत करने में प्रत्येक पात्र नागरिक का मतदाता सूची में नाम होना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सभी कार्यकर्ताओं से घर-घर संपर्क कर शत-प्रतिशत मतदाता पंजीकरण सुनिश्चित करने का आह्वान किया। बैठक में भाजपा मंडल राजपुर के अध्यक्ष जगवंशी यादव, नगर पंचायत अध्यक्ष धरम सिंह, मंडल महामंत्री बबलू यादव, बीएलए गोपाल, कमलसाय सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

## आमगांव खदान में ओबी रिमूवल कार्य के लिए 8 नये आधुनिक टिपरों की तैनाती



**बिश्रामपुर।** एसईसीएल बिश्रामपुर अमगांव खुली खदान परियोजना (ओसीपी) ने उत्पादन उत्कृष्टता की दिशा में एक और सशक्त कदम बढ़ाया है,ओवर बर्डन (ओबी) हटाने के कार्य को अधिक प्रभावी बनाने के उद्देश्य से आशीर्वाद कॉन्ट्रैक्चुअल कंपनी द्वारा 8 अत्याधुनिक टाटा टिपरों को परियोजना में शामिल किया गया,इन नए वाहनों का शुभारंभ डॉ संजय कुमार सिंहक्षेत्रीय महाप्रबंधक, एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र द्वारा किया गया,टिपरों की तैनाती से ओबी रिमूवल कार्य को उल्लेखनीय गति मिलेगी,जिससे परियोजना अपने निर्धारित ओबी लक्ष्य को समय पर ही नहीं,बल्कि समय से पूर्व पूरा करने की स्थिति में आ सकेगी,प्रबंधन के अनुसार,संसाधनों के इस संवर्धन से परियोजना की उत्पादकता,परिचालन निरंतरता और सुरक्षा मानकों को और मजबूती मिलेगी,यह पहल एसईसीएल की प्रगतिशील कार्यनीति और आशीर्वाद कॉन्ट्रैक्चुअल कंपनी के समर्पित सहयोग से संभव हो सका है,आने वाले समय में आमगांव ओसीपी का क्षेत्रीय कोयला उत्पादन लक्ष्यों में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए नई उपलब्धियां हासिल करने की उम्मीद है।

### 5 दिन के भीतर ही 1 लाख से अधिक पहुंचे सैलानी

# सैलानियों से गुलजार रामानुजगंज के पलटन घाट और वन वाटिका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

नववर्ष पर अधिकांश सभी लोग परिवार के साथ किसी पर्यटक घूमने जाने की योजना बनाते है जहां परिवार के साथ हंसी खुशी बिताने और नए वर्ष की आद को संजोकर रख सके। नए साल के शुरू होने के बाद से ही जिले के अधिकांश दार्शनिक स्थलों पर लोगों का भीड़ बढ़ने लगा है। कुछ परिवार के साथ तो कुछ अपने सहपाठियों के साथ हर रोज बड़ी संख्या में पहुंच रहे है। कुछ इस तरह की स्थिति पलटन घाट व वन वाटिका की है जहां 1 जनवरी से अब तक दोनों जगहों पर 1 लाख से अधिक सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे और लोगों का आने का सिलसिला अब भी जारी है।

**खास बात**

- सीमावर्ती झारखंड के अलावा अन्य जिलों से घूमने और पिकनिक मनाने पहुंच रहे लोग

नववर्ष के अवसर पर रामानुजगंज नगर सीमा से सटे बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के प्रमुख पिकनिक एवं पर्यटन स्थलों पलटन घाट एवं वन वाटिका में सैलानियों का अभूतपूर्व उत्साह देखने को मिला। 1 जनवरी से 5 जनवरी तक इन दोनों पर्यटन स्थलों पर 1 लाख से अधिक सैलानी पिकनिक मनाने पहुंचे। अकेले 1 जनवरी को ही दोनों स्थानों पर 30 हजार से अधिक लोग एकत्रित हुए, जिससे पूरे क्षेत्र में मेले जैसा माहौल निर्मित रहा। नववर्ष के पहले दिन सुबह से ही परिवार, मित्र मंडली एवं युवाओं का तांता लगना शुरू हो गया था। दोपहर होते-होते पलटन घाट एवं वन वाटिका में लोगों की भारी भीड़ हो गई। सैलानियों ने प्राकृतिक सौंदर्य के बीच पिकनिक का भरपूर आनंद लिया, वहीं बच्चों एवं युवाओं में खासा उत्साह देखने को मिला। पलटन घाट एवं वन वाटिका अपनी नैसर्गिक खूबसूरती के कारण क्षेत्र के प्रमुख आकर्षण केंद्र माने जाते हैं। हरियाली, शांत वातावरण एवं प्राकृतिक छटा सैलानियों को स्वतः ही अपनी ओर आकर्षित करती है। हालांकि पर्यटन की अपार संभावनाओं के बावजूद इन स्थलों का अपेक्षित विकास नहीं हो पाया है। वन वाटिका में पूर्व में बच्चों के मनोरंजन के लिए लगाए गए झूले एवं अन्य खेल सामग्री अब जर्जर अवस्था में हैं, जिनकी मरम्मत एवं पुनर्स्थापना की आवश्यकता है। यदि वन विभाग द्वारा इन सुविधाओं को विकसित किया जाए तो यहां आने वाले सैलानियों की संख्या और बढ़ सकती है।



वन वाटिका में लोगों की भीड़।

### पर्यटन केंद्र के रूप में हो सकता है विकसित

पलटन घाट को लेकर क्षेत्रवासियों में इसके समुचित विकास की प्रबल इच्छा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि यहां मूलभूत सुविधाएं, बैठने की व्यवस्था, साफ-सफाई एवं सुरक्षा के इंतजाम किए जाएं तो यह स्थल एक प्रमुख पर्यटन केंद्र के रूप में विकसित हो सकता है। लोगों की भारी भीड़ ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यदि प्रशासन और संबंधित विभाग ध्यान दें तो पलटन घाट और वन वाटिका को पर्यटन के नक्शे पर एक नई पहचान दिलाई जा सकती

### दूसरे राज्यों से भी पहुंचे सैलानी

नववर्ष के अवसर पर छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों के साथ-साथ झारखंड के रंका, डाल्टनगंज, गढ़वा सहित अन्य शहरों से भी बड़ी संख्या में सैलानी यहां पहुंचे। सभी ने प्राकृतिक वातावरण के बीच पिकनिक का आनंद लिया और क्षेत्र की सुंदरता की सराहना की।



## पोषण निर्माण में अहम भूमिका निभा रही हैं जिले की समूहो से जुड़ी महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ सूरजपुर

आर्थिक सशक्तिकरण की नींव सशक्त मानसिकता पर आधारित होती है। दृढ़ इच्छाशक्ति, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास व्यक्ति को सफलता की दिशा में आगे बढ़ाते हैं। जिले की स्व-सहायता समूहों से जुड़ी महिलाओं ने इस सोच को व्यवहार में उतारते हुए आत्मनिर्भरता की एक सशक्त मिसाल प्रस्तुत की है। महिलाएं न केवल स्वयं सशक्त बन रही हैं, बल्कि जिले की महिलाओं एवं बच्चों को पोषण उपलब्ध कराने के अभियान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं।

जिले में आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं, धात्री माताओं एवं बच्चों को गुणवत्तापूर्ण पोषण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से तत्काल उपभोग हेतु तैयार रेडी टू ईट निर्माण संयंत्र का शुभारंभ किया गया है। इन संयंत्रों में स्वादिष्ट एवं पौष्टिक नमकीन दलिया तथा मीठा शक्ति आहार का निर्माण किया जा रहा है, जो विटामिन ए, विटामिन डी, थायमिन, राइबोफ्लेविन, नियासिन, पाइरीडॉक्सिन, फोलिक अम्ल, कोबालामिन, आयरन, कैल्शियम एवं जिंक जैसे आवश्यक सूक्ष्म पोषक तत्वों से भरपूर है। जिले प्रशासन द्वारा जिले में 7 पोषण आहार निर्माण संयंत्र स्थापित किए गए है। वर्तमान में भैयाथान, प्रतापपुर एवं सूरजपुर विकासखंड में तीन संयंत्रों का सफलतापूर्वक संचालन किया जा रहा है। इन तीनों संयंत्रों में 32 महिलाएं प्रत्यक्ष रूप से पोषण आहार निर्माण कार्य में संलग्न हैं। निर्मित पोषण आहार आंगनबाड़ी केंद्रों के माध्यम से गर्भवती महिलाओं एवं बच्चों को निःशुल्क प्रदान किया जा रहा है। इस प्रकार स्व-सहायता समूहों की महिलाएं मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सुदृढ़ीकरण में अप्रत्यक्ष किंतु अत्यंत महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। महत्वपूर्ण बात है कि पोषण आहार के निर्माण के साथ-साथ उसके वितरण की भी जिम्मेदारी महिला स्व-सहायता समूहों को सौंपी गई है। भैयाथान विकासखंड में 15 स्व-सहायता समूह, सूरजपुर विकासखंड में 15 स्व-सहायता समूह तथा प्रतापपुर विकासखंड में 13 स्व-सहायता समूह सक्रिय रूप से वितरण कार्य में अपनी भूमिका निभा रही है। इन समूहों के माध्यम से 430 महिलाएं आंगनबाड़ी केंद्रों तक पोषण आहार वितरण कार्य में सक्रिय रूप से कार्य कर रही हैं।

## केबल विस्तार के दौरान पाइप लाइन क्षतिग्रस्त सड़क पर बेकार बह रहा पानी



**अम्बिकापुर।** प्रायवेट दूरसंचार कंपनी के लिए अंडरग्राउण्ड केबल विस्तार के दौरान पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पिछले 10 दिनों से सड़क पर पानी बह रहा है। पाइप लाइन से बेकार बह रहे पानी के कारण आसपास में निवासरत लोगों के घरों में पर्याप्त पानी नहीं पहुंच रहा है। प्रायवेट दूर संचार कंपनी द्वारा ठेकेदार के माध्यम से शहर के कुछ वार्डों में अंडरग्राउण्ड केबल का विस्तार किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा स्वचलित मशीन द्वारा खनन कर केबल का विस्तार किया जा रहा है। ठेकेदार द्वारा 10 दिनों पूर्व चोपड़ा पारा स्थित उड़िया पंडित गली एवं नवापारा वार्ड के कुछ हिस्सों में स्वचलित मशीन के माध्यम से केबल का विस्तार किया गया। इस दौरान पानी आपूर्ति की पाइप लाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण सुबह शाम तेज रफ्तार से पानी बह रहा है। वार्डवासियों का कहना है पाइप लाइन से तेज रफ्तार पानी बेकार बहने की सूचना ननि के अधिकारियों को दी गई थी लेकिन पाइप लाइन की मरम्मत अब तक नहीं की गई है। पाइप लाइन से बेकार पानी बहने के कारण आसपास के घरों में कम पानी पहुंचने पर लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है वहीं आसपास की गंदगी सड़क पर फैल गई है।

## मूलभूत समस्याओं का निराकरण नहीं होने पर प्रभावित ग्रामीण केतकी खदान में फिर करेंगे आंदोलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- विभिन्न समस्याओं को लेकर किया था धरना-प्रदर्शन

एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत केतकी, गायत्री, रेहर खदान में आस-पास के गांव के ट्रेनिंग प्राप्त किए लोगों को रोजगार देने व अन्य मुद्दों को लेकर कलेक्टर व एसपी को ज्ञापन सौंपा गया है। मंगलवार को भाजपा नेता संत सिंह व जनपद अध्यक्ष स्वाति संत सिंह के नेतृत्व में ग्रामीणों ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र अंतर्गत केतकी, गायत्री एवं रेहर खदान में आस-पास के ग्राम पंचायतों क्रमशः जोबगा, केतका, लाछा, पोडी, मानी, गेतरा के बीटीसी प्राप्त स्थानीय मजदूरों को रोजगार न देकर बाहर के लोगों से अवैध लाभ प्राप्त कर उन्हें रोजगार प्रदान किया जा रहा है। एसईसीएल प्रबंधन द्वारा ठेकेदार के माध्यम से 50 दिन की बीटीसी ट्रेनिंग कराई जाती है। उसके एवज में 10 से 15 हजार रुपए अवैध उगाही कर उन्हें ट्रेनिंग में भेजा जाता है। एसईसीएल से कोयला निकालने का कार्य एसएमएस एवं गैनवेल कंपनी को प्राप्त हुआ है। उक्त कंपनी द्वारा लेबर की आपूर्ति हेतु परमानन्द, अवन्ती, राकेश बहादुर, धनंजय शर्मा, अरूण सिंह, आशुतोष को नियुक्त किया गया है। ठेकेदारों द्वारा ट्रेनिंग प्राप्त किये मजदूरों को मजदूरी का कार्य न देकर बाहर के अन्य लोगों से 70 से 80 हजार रुपए अवैध लाभ प्राप्त कर रोजगार प्रदान किया जा रहा है जबकि शासन का स्पष्ट निर्देश है कि स्थानीय लोगों को मजदूरी के पद पर पहली प्राथमिकता दिया जाना है। इसके अलावा एक अन्य समस्या है कि एसईसीएल प्रबंधन द्वारा खदान के अंदर में जो पानी का छिड़काव किया जाता है, इससे भारी कीचड़ होता है, उक्त कीचड़ ट्रक, ट्राला के टायरों में लगकर सम्पूर्ण सड़क को खराब कर दिया है तथा स्कूल समेत नजदीक के क्षेत्र में कोयले की डस्ट भर जाती है। ऐसे में ग्राम वासियों का जीवन अत्यंत दूभर हो गया है। उपरोक्त मांगों के पूरा नहीं होने की स्थिति में केतकी खदान में 5 जनवरी को गेट बंद कर हड़ताल किया गया। जिसमें चर्चा उपरान्त प्रबंधन द्वारा समस्याओं के निराकरण करने हेतु कोरा आश्वासन दिया गया है जिसमें किसी प्रकार की पहल होती नहीं दिख रही है। ज्ञापन में ग्राम जोबगा, केतका, लाछा, पोड़ी, मानी, गेतरा पंचायतों द्वारा आम राय बनाकर निर्णय लिया गया कि आगामी 10 दिवस के भीतर समस्याओं का समाधान नहीं होने पर ग्रामीणों द्वारा केतकी खदान के मुख्य द्वार पर पुनः ताला लगाकर हड़ताल किया जाएगा।

## आंगनबाड़ी कार्यकर्ता मातेश्वरी ने जिम्मेदारी के साथ निभाया एसआईआर कार्य

**रामानुजगंज।** नगर के वार्ड क्रमांक 4 स्थित आदर्श जवाहरलाल नेहरू आंगनबाड़ी केंद्र की कार्यकर्ता मातेश्वरी द्विवेदी ने विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य के दौरान मिसाल पेश की है। अतिरिक्त दायित्वों के बावजूद उन्होंने अपने कार्य को पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निभाया। जानकारी के अनुसार, विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य अंतर्गत नगर पालिका क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 11 एवं वार्ड क्रमांक 6 में बीएलओ का दायित्व भी मातेश्वरी द्विवेदी द्वारा सफलतापूर्वक निर्वहन किया जा रहा है। दो वार्डों का अतिरिक्त कार्यभार होने के बावजूद उन्होंने अपने मूल पद की जिम्मेदारियों में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं बरती। एसएआर कार्य के दौरान जहां नगर के कई आंगनबाड़ी केंद्रों का संचालन प्रभावित रहा और कुछ केंद्र बंद रहने की स्थिति में भी पहुंचे, वहीं वार्ड क्रमांक 4 स्थित आदर्श जवाहरलाल नेहरू आंगनबाड़ी केंद्र का नियमित रूप से संचालन होता रहा। केंद्र में बच्चों की उपस्थिति, पोषण आहार वितरण, शैक्षणिक गतिविधियां एवं अन्य शासकीय योजनाओं का क्रियान्वयन निरंतर जारी रहा। स्थानीय नागरिकों एवं अभिभावकों ने भी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता की कार्यशैली की सराहना की है। उनका कहना है कि अतिरिक्त जिम्मेदारियों के बावजूद केंद्र का नियमित संचालन होना अन्य कार्यकर्ताओं के लिए प्रेरणास्त्रोत है।



## कोल कर्मियों की ग्रेच्युटी रकम की सीमा 20 लाख से बढ़कर हुई 25 लाख

**बिश्रामपुर।** कोयला क्षेत्र के अधिकारियों और गैर-संघटित पर्यवेक्षकों के लिए कोल इंडिया ने एक बड़ा फैसला लिया है।

सेवानिवृत्ति लाभों को और सुदृढ़ करते हुए ग्रेच्युटी की अधिकतम सीमा 20 लाख रुपए से बढ़ाकर 25 लाख रुपए कर दी गई है,कोल इंडिया द्वारा जारी आदेश के अनुसार यह संशोधित व्यवस्था 1 अक्टूबर 2025 से प्रभावी मानी जाएगी,ज्ञात हो कि यह महत्वपूर्ण निर्णय डीपीई वेतन पुनरीक्षण दिशा-निर्देश 2017 के क्रियान्वयन तथा औद्योगिक महंगाई भत्ता के 1 अक्टूबर 2025 को 50 प्रतिशत की सीमा पार कर 51.8 प्रतिशत तक पहुंचने के फलस्वरूप लिया गया है,नियमों के अनुसार महंगाई भत्ता 50 प्रतिशत से अधिक होने पर सेवानिवृत्ति लाभों में संशोधन का प्रावधान है,जिसके तहत अब ग्रेच्युटी सीमा में यह ऐतिहासिक बढ़ोतरी की गई है,इस संशोधन के बाद कोल इंडिया एवं उसकी सभी अनुषंगी कंपनियों के पात्र अधिकारी और गैर-संगठित पर्यवेक्षक ग्रेच्युटी राशि में लगभग 25 प्रतिशत तक की बढ़ोतरी का लाभ उठा सकेंगे,इससे सेवानिवृत्त होने वाले कर्मचारियों को आर्थिक रूप से अधिक सुरक्षित भविष्य सुनिश्चित होगा,जारी आदेश में स्पष्ट किया गया है कि यह संशोधन सक्षम प्राधिकारी की पूर्ण स्वीकृति के बाद लागू किया गया है,साथ ही यह भी उल्लेख किया गया है कि यदि हिंदी और अंग्रेजी संस्करण के बीच किसी प्रकार की व्याख्यात्मक अस्पष्टता उत्पन्न होती है,तो अंग्रेजी संस्करण को ही प्रमाणिक माना जाएगा,ग्रेच्युटी सीमा बढ़ाए जाने की घोषणा के बाद कोल इंडिया और उसकी सहायक कंपनियों में कार्यरत कर्मचारियों के बीच उत्साह का माहौल है,कर्मचारी संगठनों और यूनियन नेताओं ने इस फैसले का स्वागत करते हुए इसे सेवानिवृत्त एवं सेवानिवृत्ति के निकट कर्मचारियों के हित में एक दूरदर्शी और सराहनीय कदम बताया है।

यूनियन प्रतिनिधियों का कहना है कि बढ़ती महंगाई के दौर में यह निर्णय कर्मचारियों की वर्षों की सेवा का सम्मान है और इससे कोयला उद्योग में कार्यरत कर्मियों का मनोबल और विश्वास दोनों मजबूत होंगे,आने वाले समय में इस निर्णय से हजारों कर्मचारियों और उनके परिवारों को प्रत्यक्ष लाभ मिलेगा, ऐसी स्थिति में कोल इंडिया का यह फैसला कोयला उद्योग के इतिहास में कर्मचारी हितैषी निर्णयों की सूची में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में देखा जा रहा है।

## सेमरा में मनाया गया अटल बिहारी वाजपेई का जन्म शताब्दी दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ कुसमी

विकासखंड कुसमी अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरा के कंवर आदिवासी भवन में सामरी विधायक उद्धेश्वरी पैकरा की मुख्य आतिथ्य, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, भाजपा जिला प्रभारी ओम प्रकाश सिन्हा की उपस्थिति में अटल बिहारी वाजपेई शताब्दी दिवस मनाया गया।

कार्यक्रम को मुख्य अतिथि विधायक उद्धेश्वरी पैकरा, भाजपा जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश जायसवाल, भाजपा जिला विधानसभा प्रभारी ओम प्रकाश सिन्हा, एसआईआर के प्रभारी प्रवीण अग्रवाल द्वारा उपस्थित बी एल ए 2 एवं बूथ अध्यक्ष को संबोधित करते हुए स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई जन्म शताब्दी दिवस के बारे में विस्तृत रूप से बताया। उन्होंने कहा कि आज हम सभी लोग अटल बिहारी वाजपेई के जन्म शताब्दी दिवस को अटल के यादगार के रूप में मना रहे है। अटल बिहारी वाजपेई द्वारा ही सर्वप्रथम छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण किया गया, साथ ही पूरे छत्तीसगढ़ में पक्की डामरीकरण सड़क, बड़े बड़े सिंचाई के लिए बांध, स्कूल भवन, बिजली, प्रधान मंत्री आवास सहित अनेकों मूलभूत सुविधाएं जन जन तक पहुंचाने का कार्य अटल बिहारी वाजपेई द्वारा किया गया है। छत्तीसगढ़ प्रदेश में काफी विकास हुआ है, अटल बिहारी वाजपेयी 3 बार भारत देश के प्रधानमंत्री रहकर भारत देश के लिए अनेकों प्रकार की सौगात दिए है। अटल बिहारी वाजपेई एक बहुत बड़े कवि भी थे जिनकी कविताएं आज भी जगह प्रसिद्ध है। अटल बिहारी वाजपेई एक ऐसे प्रधानमंत्री थे जिनका राजनीति में कोई भी शत्रु नहीं था। सभी दल के नेता को उनसे कोई शिकायत नहीं थी, सभी आदर भाव से हमेशा इनके आदर्शों का पालन करते थे। अटल बिहारी वाजपेई के प्रयास से ही हम सभी को छत्तीसगढ़ राज्य मिला तथा सभी जगह विकास कार्य हुए। इस अवसर पर कुसमी क्षेत्र के किसानों ने देवरी धान मंडी एवं कुसमी धान मंडी में टोकन नहीं मिलने पर विधायक उद्धेश्वरी पैकरा को ज्ञापन सौंपकर धान खरीदी करने की तिथि बढ़ाने की मांग की। जिस पर विधायक ने मामले को गंभीरता से लेते हुए संबंधित वरिष्ठ अधिकारियों से बात करके इस समस्या का हल निकाले कि बात कही, जिससे किसानों का धान मंडी में बिक्री हो सके। कार्यक्रम के दौरान गौरी शंकर अग्रवाल, मुन्ना लाल चौधरी, हिरामुनी निकुंज, बसंती भगत,आनंद जायसवाल, शिव शंकर मरावी, केदार गुप्ता, जन्मजय सिंह, उमेश्वर ओझा, संजय जायसवाल, लक्ष्मण सिंह पैकरा, राकेश भारती, प्रदीप गुप्ता, विनोद गुप्ता, राजेश्वर गुप्ता सहित अन्य मौजूद रहे।



## हर्षोल्लास व भक्तिभाव के साथ मनाया गया गुरु गोबिंद सिंह का प्रकाश पर्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

खालसा पंथ के संस्थापक व सिक्खों के दसवें गुरु सरवंशदानी श्री गुरुगोबिंद साहेब जी का प्रकाश पर्व नगर के गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा में भक्तिभाव, उत्साह व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।

शनिवार को गुरुद्वारा में रखाए गये अखण्ड पाठ की समाप्ति सोमवार की सुबह 11:30 बजे सम्पन्न हुई,तत्पश्चात रागी जत्थे ज्ञानी अमरदीप सिंह प्रीत व अजीत सिंह द्वारा उपस्थित साध संगत के समक्ष गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन व कथा उच्चारण किया गया,इससे पूर्व प्रकाश उत्सव मनाने के उपलक्ष्य में सिक्ख समाज द्वारा दिनांक 29 दिसंबर से निरंतर पांच दिनों तक कड़कड़ाती ठंड के बावजूद आस्था को दृढ़ रखते हुए सुबह तड़के प्रभात फेरी निकालकर शबद कीर्तन किया जाता रहा जिसमें सिक्ख सेवादारों द्वारा प्रसाद वितरण की सेवा की जाती रही, सोमवार को अरदास समाप्ति पश्चात गुरु का लंगर चलाया गया जहाँ काफी संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसादरूपी लंगर ग्रहण किया। सोमवार की देर शाम को भी गुरुद्वारा में छोटे बच्चों व स्त्री साध संगत की सदस्यों द्वारा दशम पातशाही की गुरबाणी रूपी शबद कीर्तन किया गया,इन्हें प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से प्रबंधन कमेटी द्वारा शाम के दीवान में हिस्सा लेने वाले वालों को पुरस्कृत कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। आयोजन को सफल बनाने में परमजीत सिंह, सुखदेव सिंह, सुविंदर सिंह, मनप्रीत सोहल, निंदर सिंह, गुरदीप माखीजा, दलजीत सिंह, बख्शीस मान, सुरजीत चावला, रणबीर भामरा, हरजीत सैनी सक्रिय रहे।



### पंजाब से आये गतका ग्रुप ने दिखाए हैरतंगेज करतब

प्रकाश पर्व के एक दिन पूर्व रविवार को सिक्ख समाज द्वारा नगर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई, शोभायात्रा गुरुद्वारा गुरु सिंह सभा से दोपहर 4 बजे प्रारम्भ होते हुए कॉलोनी क्षेत्र, बस स्टैंड, मेन मार्केट होते हुए वापस शाम 7 बजे गुरुद्वारा प्रांगण पहुंची,श्री गुरु ग्रन्थ साहेब की सजी पालकी की अगुवाई खालसा रूप में सजे पंज प्यारे निंदर सिंह, परमजीत सिंह, इशरजोत सिंह बग्गा, प्रिंसराज सिंह बग्गा, वीर सिंह, जसप्रीत सिंह ने की,शोभायात्रा का नगर में सिक्ख समाज के साथ अन्य समाज के लोगों ने शोभायात्रा का स्वागत कर पंज प्यारो की सेवा की एवं नाश्ता प्रसाद वितरण किया। इसमें मुख्य रूप से कॉलोनी क्षेत्र में मंजीत सिंह नारू, बक्शीस मान, साईं सेवा समिति, जगन्नाथ सेवा समिति, अयप्पा सेवा समिति एवं शाम को मेन मार्केट में खुशबीर सिंह खेड़ा,गुरजीत सिंह होरा, मंजीत सिंह खेड़ा,हर्षदीप बग्गा मनी एवं जगदीश सिंह बग्गा की तरफ से प्रसाद वितरण की सेवा कराकर अरदास कराई गई। इस दौरान नगर के मुख्य चौक चौराहों पर पंजाब प्रांत के मानसा क्षेत्र से आये दलेर खालसा गतका ग्रुप के सदस्यों ने पारम्परिक शस्त्रों से हैरतअंगेज करतब लोगों और साध संगत को दिखाए जो कि शोभायात्रा का आकर्षण का केंद्र बना रहा।



## खबर संक्षेप

### विकासखंड स्तरीय निःशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर आज

**लहपटरा।** विकासखंड स्तरीय निशुल्क आयुष स्वास्थ्य शिविर स्थान साप्ताहिक बाजार लखनपुर 7 जनवरी आयोजित किया गया है। प्रतिवर्ष के भाती इस वर्ष भी साप्ताहिक बाजार में जिला आयुष अधिकारी के मार्गदर्शन में निशुल्क आयुष स्वास्थ्य का आयोजन किया जा रहा है जिसमें आयुर्वेद के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा जटिल असाध्याय जोड़ों का दर्द, अर्थ भगंदर, स्त्री रोग, वात रोग, उदार रोग, मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा अन्य सामान्य एवं मौसमी बीमारियों का इलाज परामर्श एवं निशुल्क औषधीय का वितरण किया जाएगा। नगर वासियों एवं ग्राम वासी इस निशुल्क आयुष आयुर्वेद स्वास्थ्य शिविर का लाभ उठा सकतें है। शिविर में डॉ यूके साहू, डॉ. आरके शुक्ला, डॉ. धनंजय पटेल, डॉ. देवेंद्र पांडे, डॉ. अनीता गुप्ता, डॉ. आदित्य गुप्ता के मार्गदर्शन में डॉ. शशी बाला जायसवाल जिला आयुष अधिकारी शिविर प्रभारी, डॉ.लंकेश्वर सिंह आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी मौजूद रहेंगे।

### तिवारी सीनियर सिटीजन फोरम के अध्यक्ष निर्वाचित

**अम्बिकापुर।** सीनियर सिटीजन फोरम की मासिक बैठक में आईबी तिवारी को सर्वसम्मति से अध्यक्ष



निर्वाचित किया गया। श्री तिवारी के नाम का प्रस्ताव निवर्तमान अध्यक्ष विष्णुप्रताप अग्रवाल ने किया जिसका अनुमोदन समस्त सदस्यों ने ध्वनिमत से किया। नव निर्वाचित अध्यक्ष श्री तिवारी वरिष्ठ सदस्यों से विचार विमर्श उपरांत कार्यकारिणी की घोषणा करेंगे। फोरम की मासिक बैठक मंगलवार को लालमाटी स्थित कृष्ण कुमार अग्रवाल जी के फार्म हाउस में आयोजित की गई थी जिसमें सभी सदस्य उपस्थित थे। बैठक में सदस्यों ने फोरम की गतिविधियों के संबंध में चर्चा की तथा नई योजनाओं पर काम करने का निर्णय लिया।

### 7 आरोपी गिरफ्तार, तीन पिकअप से छह मवेशी भी बरामद

# शहर से घूम घूमकर पिकअप व स्कॉर्पियो से मवेशी चोरी करने वाला गिरोह पकड़ा गया

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

शहर में घूम धूमकर पिकअप व अन्य चार पहिया वाहनों की मदद से मवेशियों की चोरी करने वाले गिरोह को पकड़ने में पुलिस ने सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस मामले में गिरोह के सात आरोपियों को गिरफ्तार करने के साथ ही उनके पास से नगदी रकम, तीन पिकअप वाहन जब्त किया है। पकड़े गए आरोपियों से में दो आदतन अपराधी किस्म के है और लम्बे समय से क्षेत्र में सड़क किनारे बैठी व घर के बाहर बंधी मवेशियों की चोरी कर उन्हें झारखंड में बेचने का काम कर रहे थे। फिलहाल पुलिस इस मामले में आगे की जांच कर रही है।

**खास बात**

- लम्बे समय से कर रहे चोरी

बता दें कि पिछले कुछ महीनों से शहर में कुछ लोगों द्वारा चार पहिया वाहनों से घूम-घूम कर मवेशियों की चोरी की जा रही थी। रात के समय पिकअप, स्कॉर्पियो सहित अन्य वाहनों से आने वाले लोग सड़क किनारे बैठी व घर के बाहर बंधी मवेशियों को जबरन उठाकर ले जा रहे थे। हाल ही में तस्करों ने 24 नवम्बर को गांधी चौक स्थित सुशीला यादव के घर के सामने से, 27 नवम्बर को केदारपुर निवासी परमानंद तिवारी के घर से मवेशियों की चोरी की गई थी। इस मामले में पुलिस ने बीएनएस की धारा 303(2) के तहत अपराध दर्ज किया था। इस दौरान 4 जनवरी को चांदनी चौक घुटरापारा निवासी ऋषिकेश मिश्रा ने पुलिस में शिकायत दर्ज कराई कि रात 11.30 बजे रिंग रोड में तीन पिकअप में 6-7 लोग जबरन 4 से 5 मवेशियों को बांधकर लोड कर रहे थे। ऐसे में उसने दो पिकअप का क्रमांक जेएच 07 एम 3169, जेएच 01 एफपी 1270 का नंबर नोट किया जबकि एक पिकअप एक बिना नम्बर था। जब वह पिकअप के पास पहुंचा तो तस्कर तीनों पिकअप में एक एक मवेशी लोड़कर भाग निकले। उसने उनका पीछा भी किया लेकिन तस्कर भाग गए। युवक द्वारा दी गई जानकारी के बाद पुलिस लगातार आरोपियों की तलाश कर रही थी। इस दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम रनपुरखुर्द बस्ती के आगे तीन पिकअप खड़े है और उनमें मवेशियों को लोड किया जा रहा है। ऐसे में पुलिस टीम ने घेराबंदी की इस दौरान मौके पर पुलिस को पूर्व में तस्करी में देखे गए पिकअप क्रमांक जेएच 07 एम 3169, जेएच 01 एफपी 1270 तथा एक बिना नम्बर का पिकअप मिला। इन पिकअप में 6 रास मवेशियों को भरा गया था। पुलिस ने मौके पर ही मवेशियों को गौ सेवा मंडल के संचालक के सुपुर्द किया गया इसके साथ ही आरोपियों को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई तो उन्होंने अपना जुर्म कबूल कर लिया। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी कोतवाली शशिकांत सिन्हा, प्रभारी साइबर सेल सउनि अजित कुमार मिश्रा, सउनि मनोज सिंह, विवेक पाण्डेय, प्रधान आरक्षक अजय पांडे, भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, जयदीप सिंह, आरक्षक मनीष सिंह, राहुल केरकेट्टा, जीतेश साहू, नितिन सिन्हा, विवेक राय, अतुल सिंह, अमरेश दास, दीपक पाण्डेय सक्रिय रहे।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी तथा जब्त वाहन।

#### इन आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

पुलिस ने इस मामले में जशपुर जिले के साइ टांगरटोली निवासी 22 वर्षीय अजहर खान आ. इस्लाम मिरवा, 23 वर्षीय शोएब शाह आ. मुजफ्फर शाह, 23 वर्षीय जुनैद आलम आ. स्व. नाजीर हुसैन, 25 वर्षीय अफसार आ. स्व. सफीउल्ला, 43 वर्षीय तकिर खान आ. जमरूद्दीन खान, 30 वर्षीय आदम शाह आ. मुईनुउद्दीन शाह व 26 वर्षीय रेफाज खान आ. अली जान खान को गिरफ्तार कर उनसे पूछताछ की तो आरोपियों ने अपना जुर्म कबूल कर लिया। आरोपी लम्बे समय से कोतवाली व गांधीनगर थाना क्षेत्र में मवेशियों की चोरी करने के बाद उन्हें झारखंड के बाजार में बेचने का काम कर रहे थे। पुलिस ने आरोपियों के पास से 12 हजार 750 रुपए नगद व घटना में प्रयुक्त तीन पिकअप जब्त किया गया है जबकि पूर्व में तस्करों द्वारा उपयोग किए गए वाहनों की तलाश की जा रही है। पुलिस के अनुसार इस प्रकरण में गिरफ्तार आरोपी अजहर खान व जुनैद आलम के खिलाफ सरगुजा के साथ ही जशपुर जिले में गंभीर धाराओं के तहत कई अपराध दर्ज है।

## बाइक की टक्कर से गंभीर वृद्धा की गई जान

**अम्बिकापुर।** बच्चों के साथ पैदल घर आ रही वृद्धा को बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी। दुर्घटना में गंभीर हुई वृद्धा की उपचार के दौरान मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है।

जानकारी के अनुसार विश्रामपुर थाना अंतर्गत ग्राम केशवनगर निवासी फूल कुंवर सिंह पति स्व. रज्जू सिंह (71 वर्ष) गत दिन खेत की ओर से बच्चों के साथ पैदल मुख्य मार्ग से घर आ रही थी। जैसे ही केशवर नगर मुर्गा दुकान के समीप पहुंची तभी विपरीत दिशा से आ रहे बाइक क्रमांक सीजी 15 सीएस 2003 के चालक ने लापरवाही पूर्वक चलाते हुए टक्कर मार दी जिससे वृद्धा गंभीर रूप से घायल हो गई। परिजन वृद्धा को सूरजपुर अस्पताल में भर्ती कराया। चिकित्सकों ने वृद्धा की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के पश्चात मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कर दिया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात लाश का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

### भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष ने प्राथमिक पाठशाला में कराया न्योता भोज

**सूरजपुर।** भाजपा शहर मंडल अध्यक्ष अरविन्द मिश्रा द्वारा अपनी पुत्री आराध्या मिश्रा के जन्मदिवस पर शासकीय प्राथमिक पाठशाला पंचमन्दिर वार्ड में बच्चों के साथ न्योता भोज कर बच्चों को अध्ययन सामग्री एवं चॉकलेट वितरित कर मनाया। उन्होंने बच्चों को मन लगाकर पढ़ाई करने हेतु प्रेरित किया। बच्चे कॉपी पेन एवं चॉकलेट पाकर अत्यंत प्रफुल्लित हुए। न्योता भोज मे आंगनबाड़ी के बच्चे भी सम्मिलित हुए। न्योता भोज में स्कूल की प्रधान पाठिका श्रीमती आभा मिश्रा सहित सभी शिक्षक एवं आंगनबाड़ी की कार्यकर्त्ता एवं सहायिका उपस्थित रहे।



हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736







